# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर (राजस्थान)

| रैफरेन्स संख्या | रजिस्टर्ड नंबर | प्रवेश तिथि | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|---|
| 15/04/2010 | 2010/00012 | 29-03-2010 | 18-12-2024 |

01- राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार कठूमर जिला अलवर।

--प्रार्थी

बनाम

1. ग्यासो बेवा धूरे (मृतक) वारिस काबिज जायदाद
   1-लखन पुत्र कान्हा जाति ब्राह्मण निवासी बींजला तह0 कठूमर जिला अलवर।
   --लाऔलाद फौत
   2-केशर पुत्री भूरजी जाति ब्राह्मण निवासी दारोदा तह0 कठूमर जिला अलवर।
   2/1-करण पुत्र श्री रामचरण जाति ब्राह्मण निवासी दारोदा।
   2/2-मथुरा पुत्र श्री रामचरण जाति ब्राह्मण निवासी दारोदा।
   2/3-श्रीमती जनक पुत्री श्री रामचरण पत्नी शिवदयाल शर्मा निवासी ग्राम बडका तह0 लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर।
   2/4-श्रीमती किरण पुत्री रामचरण पत्नी श्री बालकृष्ण शर्मा निवासी ग्राम सकरवासर गोवर्धन तह0 व जिला मथुरा। --फौत
   2/5-श्रीमती रामवति पत्नी जगन पुत्र रामचरण जाति ब्राह्मण।
   2/6-ईसर पुत्र जगन पौत्र रामचरण जाति ब्राह्मण।
   2/7-प्रकाश पुत्र श्री जगन पौत्र रामचरण जाति ब्राह्मण निवासी दारोदा।
   2/8-श्रीमती सुनहरी पुत्री जगन पुत्र रामचरण पत्नी श्री चतुर्भुज शर्मा निवासी ग्राम सेमली तहसील नगर जिला भरतपुर। --फौत
   3-मंगतू पुत्र रामजीलाल जाति ब्राह्मण निवासी मक्खन का नंगला तह0 कठूमर।
   4-सोहन लाल पुत्र रामजीलाल जाति ब्राह्मण निवासी मक्खन का नंगला तह0 कठूमर।
   --लाऔलाद फौत
2. मथुरा प्रसाद पुत्र रामचरण जाति ब्राह्मण निवासी दारोदा तहसील कठूमर जिला अलवर हाल निवासी ग्राम शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
3. समन्दर पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
4. बिजेन्द्र सिंह पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर। --फौत
5. सोहन सिंह पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
6. मोहनलाल पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
7. भगवान सिंह पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
8. कमल सिंह पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
9. सेन्दर पुत्र गिर्राज सिंह जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।
10. धूप सिंह पुत्र किशनलाल जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर। --फौत
11. शाखा प्रबन्धक एस.बी.आई. खेरली तहसील कठूमर जिला अलवर।
12. शाखा प्रबन्धक ए.जी.ए.जी.बी आर.जी.जी. खेरली।
13. रामवती पत्नी रामकिशन जाति जाट निवासी शेखपुरा तह0 कठूमर जिला अलवर।

---अप्रार्थीगण

रैफरेन्स प्रकरण अन्तर्गत धारा 82
राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956

अ. जिला कलक्टर (प्रथम)
अलवर (राज0)

उपस्थितः—

1. श्री राजकीय अभिभाषक — वकील तहसीलदार कठूमर
2. श्री उमाशंकर खण्डेलवाल — वकील अप्रार्थीगण सं0 13

::: निर्णय :::

तहसीलदार कठूमर ने यह रेफरेंस प्रकरण पेश कर निवेदन किया कि रेफरेंस अदालत श्रीमान के सुनवाई के क्षेत्राधिकार में है। जमाबन्दी संवत् 1991 वाके ग्राम शेखपुरा के खाता संख्या 65 में खसरा नंबर 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा पर भूरजी पुत्र चन्दा ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदार देन जमींदारान दर्ज है एवं खारिज बाछ व एवज सेवा पूजा मन्दिर श्री सीतारामजी महाराज लगान माफ का अंकन किया हुआ है। खाता संख्या 66 के खसरा नंबर 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारान मार्फत किशनलाल वल्द धर्मसिंह जाट साकिन देह गैर मौरूसी अंकित है एवं खारिज बाछ वएवज सेवा–पूजा मंदिर श्री सीतारामजी महाराज लगान माफ है एवं जुमगी गैर मौरूसी चकोता सालतमाम 8 रूपये दर्ज है। खाता सं0 67 पर ख0नं0 12 रकबा 3 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा निष्फ कान्हा घूडे पिसरान नारायण बहिस्सा बराबर निष्फ ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदारान देन जमीदारान मार्फत किशनलाल वल्द धर्मसिंह जाट व घण्टोली वल्द धूडर कौम नाई बहिस्से बराबर साकिन देह गैर मारूसीयान एवं खारिज बाछ व एवज खिदमत धमार्थ लगान माफ है एवं चकौता सालतमाम जुमगी गैर मारूसीयान किशनलाल 1.25 रूपये, घण्टोली 2.00 रूपये कुल तीन रूपये पच्चीस पैसे अंकित किया हुआ है। नकल जमाबन्दी संवत् 1991 की सत्यप्रतिलिपि संलग्न है। जमाबंदी संवत् 1997 वाके ग्राम शेखपुरा के खाता सं0 61 के ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा वामन साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारा व काश्त माफीदार मजकूर एवं खारिज बाछ व एवज खिदमत सेवा–पूजा मंदिर मंदिर श्री सीतारामजी महाराज लगान माफ अंकित किया हुआ है। खाता सं0 62 में खसरा नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा वामन साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारान व काश्त माफीदार मजकूर मार्फत किशनलाल वल्द धर्मसिंह जाट साकिन देह गैर मारूसी तथा खाता संख्या 63 में खसरा नंबर 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा निष्फ कान्हा, धूडे पिसरान नारायण बहिस्सा बराबर निष्फ वामन सा0 खेडामैदा माफीदार देन जमीदारा मार्फत किशनलाल वल्द धर्मसिंह जाट साकिन देह गैर मारूसी तथा खारिज बाछं व एवज खिदमत धर्मार्थ लगान माफ अंकत किया हुआ है एवं जुमगी मजारा दौयम चकौता साल तमाम 1.25 रूपये अंकित किया हुआ है तथा खाता सं0 64 में खसरा नंबर 12 मिन रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दा निष्फ कान्हा, धूहे पिसरान नारायण बहिस्सा बराबर निष्फ वामन सा0 खेडामैदा माफीदेन जमीदारा मार्फत किशनलाल वल्द धर्मसिंह जाट सा0 देह गैर मारूसी मार्फत डरेला वल्द मंगली जाट सा0 देह गैर मारूसी दोयम अंकित किया हुआ है एवं खारिज बाछं जुमगी मजारा दोयम चकोता साल तमाम 1.75 रूपये एक रूपये पिचैहत्तर पैसे अंकित किया हुआ है। नकल जमावंदी संवत् 1997 की सत्य प्रतिलिपि संलग्न है। जमाबंदी संवत 2009 वाके ग्राम शेखपुरा के खाता सं0 91 पर ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा व ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी पुत्र चन्दर ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारान व खारिज बाछ व एवज सेवा पूजा मंदिर श्री सीतारामजी महाराज के लगान माफ है तथा खाता सं0 92 पर ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा दक्षिण पर भूरजी पुत्र चन्दर निष्फ कान्हा, धूडे पिसरान नारायण समान भाग निष्फ ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारान मार्फत किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाट साकिन देह गैर मारूसी साल एक तथा खारिज बाछ व एवज धर्मार्थ हक लगान माफ है तथा खाता सं0 93 में खसरा नं0 12 मिन तर्फ उत्तर रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा पर भूरजी पुत्र चन्दर निष्फ कान्हा, धूडे पि0 नारायण समान भाग निष्फ ब्राह्मण साकिन खेडामैदा काफीदेन जगीदारान मार्फत किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाट सा0 देह गैर मारूसी साल एक मार्फत सूवा पुत्र हरोला जाट साकिन देह गैर मारूसी साल एक का अंकन किया हुआ है। नकल जमाबंदी संवत 2009 की सत्यप्रतिलिपि संलग्न है। जमाबंदी संवत 2013 के खाता सं0 84 में ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा दक्षिण व ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा व ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी वल्द चन्दर ब्राह्मण सा0देह खैडामैदा माफी देन जमीदारा माफीदार तथा कॉलम सं0 10 में खारिज बाछ वएवज सेवा पूजा मंदिर श्री सीतारामजी महाराज के माफ अंकन है। खाता नं0 85 में भूरजी पुत्र चन्दर ब्राह्मण साकिन खेडामैदा माफीदेन जमीदारा माफीदार मार्फत किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाट साकिन देह गैर खातेदार

आ0 जिला कलेक्टर (राज0)
8/4/25

साल तीन व ख0नं0 12 मिन उत्तर रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा अंकित किया हुआ है। नकल जमाबंदी संवत 2013 सत्य प्रतिलिपि संलग्न है। जमाबंदी संवत 2017 के खाता सं0 86 में ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा दक्षिण व ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा व ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर भूरजी पुत्र चन्दर ब्राह्मण साकिन खेदागैदा माफीदेन जगीदारान माफीदार मार्फत धूडे पुत्र मुतमन्ना खुद ब्राह्मण एवं कॉलम संख्या 10 में खारिज बाछ व एवज सेवा पूजा श्री सीतारामजी महाराज माफ है। खाता नं0 87 के ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा पर भूरजी पुत्र चन्दर ब्राह्मण साकिन खेडागैदा माफीदेन जगीदारा माफीदार मार्फत धूडे पुत्र मुतवन्ना खुद ब्राह्मण मार्फत किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाट साकिन देह सिकमी साल 7 अंकित है। नकल जमाबंदी संवत 2017 की सत्यप्रतिलिपि संलग्न है। जमाबंदी संवत् 2021 के खाता सं0 65 में ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा दक्षिण ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा पर धूडे पि0 मुतवन्ना भूरजी ब्राह्मण साकिन देह खातेदार का अंकन किया हुआ है एवं ख0नं0 12 मिन रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा पर धूडे पिसर मुतवन्ना भूरजी ब्राह्मण साकिन देह खातेदार मार्फत किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाट सा0देह सिकमी साल 11 अंकित किया हुआ है। धूडे की खातेदारी जमाबंदी संवत् 2021 में दर्ज की हुई है। जमाबंदी बन्दोबस्त संवत 2028 में गत खसरा नं0 12 रकबा 3 बीघा 9 बिस्वा ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा तथा ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा से भू-प्रबंध विभाग द्वारा निम्न प्रकार से हाल खसरा नंबर निर्मित किये गये हैं :-

| हाल खसरा नंबर | गत खसरा नंबर |
| --- | --- |
| 22 रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा | 12 मिन रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा |
| 23 रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा | 12 मिन रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा |
| 30 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा | 18 मिन रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा |
| 404 रकबा 3 बीघा 5 बिस्वा | 258 मिन रकबा 3 बीघा 5 बिस्वा |
| 405 रकबा 3 बीघा 4 बिस्वा | 258 मिन रकबा 3 बीघा 4 बिस्वा |

बंदोबस्त संवत 2028 के खाता सं0 11 पर ख0नं0 23 रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा पर किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाति जाट सा0देह खातेदार दर्ज किया हुआ है एवं खाता सं0 84 पर ख0नं0 30 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा ख0नं0 22 रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा ख0नं0 404 रकबा 3 बीघा 5 बिस्वा, ख0नं0 405 रकबा 3 बीघा 4 बिस्वा धूरे पुत्र भूरजी जाति ब्राह्मण सा0देह खातेदार दर्ज किया हुआ है। नकल जमाबंदी संवत 2028 संलग्न है। हाल जमाबंदी संवत 2064 से 2067 वाके ग्राम शेखपुरा के खाता सं0 18 में खसरा नंबर 30 पर रकबा 0.46 एयर ग्यासो बेवा धूरे ब्राह्मण साकिन देह खातेदार अंकित किया हुआ है व खाता सं0 65 के ख0नं0 404 रकबा 0.82 ऐयर 405 ख0नं0 का रकबा 0.81 ऐयर व ख0नं0 22 रकबा 0.44 ऐयर पर मथुरा प्रसाद पुत्र रामचरण कौम ब्राह्मण साकिन दारौदा खातेदार अंकित किया हुआ है। खाता नं0 100 पर ख0नं0 23 रकबा 0.43 एयर पर समन्दरसिंह, बिजेन्द्रसिंह, सोहमसिंह, मोहमलाल, कमलसिंह, सेन्दर पि0 गिर्राजसिंह हिस्सा 6/14 राहिम एस0बी0आई0 खेडली दर्ज किया हुआ है। भगवानसिंह पुत्र गिर्राज सिंह, हिस्सा 1/14 राहिम आ.जी. बी. खेडली दर्ज किया हुआ है व धूपसिंह पुत्र किशनलाल हिस्सा 1/2 कौम जाट साकिन देह खातेदार राहिम ए.बी.ए.जी.बी. खेडली अंकित किया हुआ है। गत ख0 नं0 12 रकबा 3 बीघा 9 बिस्वा, 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा, वाके ग्राम शेखपुरा भूमि माफीदेन जमीदारान की है। जिसका खारिज बाछ व ऐवज खिदमत सेवा पूजा श्री सीतारामजी महाराज लगान माफ का अंकन जमाबंदी संवत 1991, 1997, 2009, 2013, 2017 में किया हुआ है। मूर्ति शाश्वत नाबालिग होती है जिस पर कोई भी व्यक्ति खातेदारी अधिकार प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होता है। अतः खसरा नंबर 22, 23, 30, 404, 405 वाके ग्राम शेखपुरा तहसील कठूमर जिला अलवर बाबत रैफरेन्स स्वीकार फरमाया जाकर जो अंकन उक्त आराजी का अप्रार्थी के नाम राजस्व रिकॉर्ड में हो रहा है। उसे निरस्त किया जाकर राजस्व रिकॉर्ड में मन्दिर श्री सीताराम जी महाराज शाश्वत नाबालिग के नाम का अंकन किये जाने की कृपा की जावे।

रेफरेन्स प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जर्ये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद तामील के उपस्थित नहीं आए ना ही अप्रार्थीगण द्वारा अपने समर्थन कोई जवाब पेश किया गया है।

राजकीय अभिभाषक द्वारा तहसीलदार कठूमर के माध्यम से पेश रेफरेन्स प्रकरण में अंकित बिन्दुओं को स्वीकार करते हुये रेफरेन्स प्रकरण को स्वीकार करने का निवेदन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)
अलवर (राज0)

हमने पत्रावली का अवलोकन किया व बहस पर मनन किया। जमाबंदी संवत 1991, 1997, 2009, 2013, 2017 में विवादित आराजी बखिदमत श्री सीतारामजी महाराज अंकित है। पत्रावली में संलग्न रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। बंदोबस्त संवत 2028 के खाता सं0 11 पर ख0नं0 23 रकबा 1 बीघा 14 बिस्वा पर किशनलाल पुत्र धर्मसिंह जाति जाट सा0देह खातेदार दर्ज किया हुआ है एवं खाता सं0 84 पर ख0नं0 30 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा ख0नं0 22 रकबा 1 बीघा 15 बिस्वा ख0नं0 404 रकबा 3 बीघा 5 बिस्वा, ख0नं0 405 रकबा 3 बीघा 4 बिस्वा धूरे पुत्र भूरजी जाति ब्राह्मण सा0देह खातेदार दर्ज किया हुआ है। हाल जमाबंदी संवत 2064 से 2067 वाके ग्राम शेखपुरा के खाता सं0 18 में खसरा नंबर 30 पर रकबा 0.46 एयर ग्यासो बेवा धूरे ब्राह्मण साकिन देह खातेदार अंकित है व खाता सं0 65 के ख0नं0 404 रकबा 0.82 ऐयर, ख0नं0 405 का रकबा 0.81 ऐयर व ख0नं0 22 रकबा 0.44 ऐयर पर मथुरा प्रसाद पुत्र रामचरण कौम ब्राह्मण साकिन दारौदा खातेदार अंकित है। खाता नं0 100 ख0नं0 23 रकबा 0.43 एयर पर समन्दरसिंह, बिजेन्द्रसिंह, सोहमसिंह, मोहमलाल, कमलसिंह, सेन्दर पि0 गिर्राजसिंह हिस्सा 6/14 राहिम एस0बी0आई0 खेडली दर्ज है। भगवानसिंह पुत्र गिर्राज सिंह, हिस्सा 1/14 राहिम आ.जी.बी. खेडली दर्ज है व धूपसिंह पुत्र किशनलाल हिस्सा 1/2 कौम जाट साकिन देह खातेदार राहिम ए.बी.ए.जी.बी. खेडली अंकित है। गत ख0नं0 12 रकबा 3 बीघा 9 बिस्वा, ख0नं0 18 रकबा 1 बीघा 16 बिस्वा, ख0नं0 258 रकबा 6 बीघा 9 बिस्वा, वाके ग्राम शेखपुरा भूमि माफीदेन जमीदारान की है, जिसका खारिज बाछ व ऐवज खिदमत सेवा पूजा श्री सीतारामजी महाराज लगान माफ का अंकन जमाबंदी संवत 1991, 1997, 2009, 2013, 2017 में किया हुआ है। मूर्ति नाबालिग शाश्वत होने के कारण उसकी भूमि पर किसी व्यक्ति को खातेदारी अधिकार नहीं दिये जा सकते। अतः सरकार जरिये तहसीलदार कठूमर द्वारा पेश रैफरेंस प्रा०पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना-पत्र रैफरेन्स स्वीकार किया जाकर जमाबंदी संवत् 1991, 1997, 2009, 2013, 2017 में वर्णित विवादित आराजी खसरा नम्बर 22, 23, 30, 404, 405 रकबा क्रमशः 1 बीघा 15 बिस्वा, 1 बीघा 14 बिस्वा, 1 बीघा 16 बिस्वा, 3 बीघा 5 बिस्वा, 3 बीघा 4 बिस्वा कुल किता 05 वाके ग्राम शेखपुरा तहसील कठूमर जिला अलवर राज० से अप्रार्थी का नाम कलमजन किया जाकर माफी मंदिर श्री सीताराम जी महाराज ग्राम शेखपुरा तहसील कठूमर के नाम दर्ज करने की अभिशंषा के साथ माननीय निबंधक, राजस्व मण्डल राज० अजमेर को भिजवाई जावे।

**निर्णय आज दिनांक 18.12.2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

**(मुकेश कुमार कायथवाल)**
**अति0 जिला कलक्टर (प्रथम)**
**अलवर, (राज0)**